हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शनिवार, 23 दिसम्बर 2017, लखनऊ, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर संस्करण www.livehindustan.com वर्ष 22, अंक 298, 24 पेज



# राज बिसारिया को डीडी यूपी देगा अवार्ड

लखनऊ | निज संवाददाता

साहित्य, रंगमंच, खेल, शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नौ विभूतियों को डीडीयूपी सम्मान-2017 से सम्मानित किया जायेगा। दूरदर्शन लखनऊ केन्द्र चयनित विभूतियों के नामों की घोषणा शुक्रवार को की। 24 दिसम्बर को गन्ना संस्थान प्रेक्षागृह में होने वाले समारोह में रंगमंच क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रो. राज बिसारिया को लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान दिया जायेगा। इसके साथ ही चिकित्सा में लखनऊ के आशुतोष कुमार दुबे, साहित्य के लिए अमेठी के श्रीराम शंकर अवस्थी, ललित कला में महोबा के कालीदीन विश्वकर्मा, संगीत में लखनऊ के कन्हैया लाल पाण्डेय, नाटक के लिए लखनऊ के महेश चन्द्र देवा, पर्यावरण के लिए लखनऊ के डा. भरत राज सिंह, कृषि में बस्ती के राजेद्र सिंह एवं बालिका शिक्षा के लिए इलाहाबाद की दीप्ती शुक्ला का चयन डीडी यूपी सम्मान-2017 के लिए किया गया है।